तारीख,हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **राहुल बिस्सा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353070736080191	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11/09/25	अपीलार्थी राहुल बिस्सा निवासी 01, जालोरी गेट के अंदर जालप मौहल्ला, बिस्सा की पोल, वार्ड नंबर– 27, जोधपुर–उत्तर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 19.07.2025 को तहसीलदार द्वारा कार्यालय तहसीलदार जोधपुर से श्रीमती संतोष के पैशन पीपीओ FA/PC/212/07-08/1826/27-02-08 की प्रमाणित प्रति एवं सैलेरी स्लिप वर्ष 2020–21 की प्रति प्राप्त करने हेतु दिनांक 30.12.2024 को पत्र क्रमांक/विविध/2024/1297 तथा RajKaj Ref No. 12702085 पत्र जारी किया गया था। उक्त दस्तावेजों को प्राप्त करने के लिए पत्राचार किया गया था या नही, स्पष्ट करते हुए अभी तक किए गए पत्राचार की सूचना एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.09. 6:46:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
17714397